लोकतांत्रिक बनाया जाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व में जो परिवर्तन हो रहे हैं वे इनमें अपेक्षाकृत और अधिक परिलक्षित हों । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारे प्रयासों में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के सदस्यों के साथ विचार विमर्श और उनका समर्थन जुटाना शामिल है ।

सुरक्षा परिषद में और विशेष रूप से उसकी स्थायी सदस्य संख्या में कोई परिवर्तन करने के लिए यह जरूरी होगा कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में परिवर्तन किए जाएं और साथ ही मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों की सम्मति भी ली जाए ।

इजराइल-फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन समस्या को निपटाने के लिए भारत द्वारा प्रयास

4675. श्री राम गोपाल यादव : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में इजराइल और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के बीच समझौते हेतु भारत द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री) एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) भारत पश्चिम एशिया में शांति संवर्धन के प्रति वचनबद्ध है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के बहुपक्षीय दौर में सहभागी के रूप में भारत का यह प्रयास है कि ऐसे किसी समाधान के लिए कार्य किया जाए जो सभी सम्बद्ध पक्षों को स्वीकार्य हो।

Visit of Mauritian Foreign Minister to India

4676. SHRI SHANTI TYAGI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that during the recent visit of the Mauritian Foreign Minister to New Delhi and the subsequent talks held between him and the Indian leaders it was decided to review the 1971 declaration of the Indian Ocean as a zone of peace;

(b) if so, the details there of and the reasons therefor; and

(c) whether the two delegations held consultations regarding the stand to be taken on NPT of the forthcoming Non-Aligned Summit?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) During the recent visit of Mauritian Foreign Minister Mr. Paul Berenger to Delhi, discussions were held between him and Minister of State Shri Eduardo Faleiro on various matters of mutual interest including the 1971 Declaration on the Indian Ocean as a Zone of peace.

The two sides evaluated progress achieved so far in the matter and decided to remain in touch on it.

(c) On the NPT, the two sides. which hold similar views on various aspects of it, agreed to continue consultations with each other and with other countries during the forthcoming NAM Summit.

पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर क्षेत्र पर अनधिकृत कब्जा

4677. श्री वीरेन जे० शाह :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर राज्य के 78,114 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अनधिकृत रूप से कब्जा किया हुआ है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान ने काराकोरम मार्ग से संबंधित 5180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन को सौंप दिया है ;